# उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर–208001

## प्रशासकीय परिषद की 29वीं बैठक का कार्यवृत्त।

| | | |
|---|---|---|
| बैठक की संख्या | : | 29वीं बैठक |
| बैठक स्थान | : | ऑन लाईन मोड |
| बैठक दिन | : | सोमवार |
| बैठक समय | : | सायं 4:00 बजे |
| बैठक दिनांक | : | 03.02.2025 |

# कार्यवृत्त

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 03.02.2025 को ऑन लाईन के माध्यम से सम्पन्न उन्नतीसवीं बैठक में निम्न सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

| क0सं0 | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री अभिषेक सिंघानिया,<br>अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, मेसर्स जे0के0 इंटरप्राईजेज, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अन्नावि दिनेश कुमार, आई0ए0एस0,<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, लखनऊ।<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ, निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर। प्रतिनिधि–उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद। | उपाध्यक्ष / सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर (डा0) वंदना सहगल,<br>निदेशक, स्कूल ऑफ आर्टिटेक्चर, प्रतिनिधि–कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रोफेसर (डा0) अलागिरूसामी,<br>विभागाध्यक्ष, टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग,<br>आई0आई0टी0, दिल्ली। | सदस्य |
| 5. | प्रोफेसर (डा0) अभिजीत मजूमदार,<br>प्रो0 टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी विभाग,<br>आई0आई0टी0, दिल्ली (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा नामित) | सदस्य |
| 6. | श्री ए0के0 बेरा,<br>सेवानिवृत्त साइंटिस्ट जी, ब्यूरो आफ इंडियन स्टैण्डर्ड,<br>नयी दिल्ली, (यूपीटीटीआई एल्यूमिनी) | सदस्य |
| 7. | प्रो0 इन्द्र प्रकाश मिश्रा,<br>कुलसचिव एवं विभागाध्यक्ष इंजीनियरिंग तथा कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग, यूपीटीटीआई, कानपुर। | सदस्य |
| 8. | डा0 जे0 वेंकट राव,<br>सी0ई0ओ0, टेक्सटाइल सेक्टर स्किल कौंसिल, पूर्व निदेशक निटरा, गाजियाबाद। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 (डा0) डी0पी0 चटोपाध्याय,<br>(सेवानिवृत्त) डिपार्टमेन्ट ऑफ टेक्सटाइल केमिस्ट्री, एम0एस0 यूनिवर्सिटी, बड़ौदा, गुजरात। | सदस्य |
| 10. | श्री कार्तिक कपूर,<br>एम0एस0 (यू0के0) निदेशक एम0एस0पी0 लि0, कानपुर शासन द्वारा नामित इंडस्ट्री नामिनी। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 दिप्तीक परिमार,<br>विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग एवं प्रतिकुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर (एस0सी0 नामिनी)। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 प्रभात वर्मा,<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। (ओ0बी0सी0 नामिनी) | सदस्य |
| 13. | डा0 जी0 नलनकिल्ली,<br>निदेशक,<br>उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित नहीं हो सकें।

| क0सं0 | सदस्य का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक,<br>आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 2. | प्रो0 डा0 पी0वी0 कडोले,<br>पूर्व प्रोफेसर डी0के0टी0ई0 सोसाइटी टेक्सटाइल एण्ड इंजीनियरिंग स्कूल। | सदस्य |

**29.01** प्रशासकीय परिषद में नये सदस्यों का परिचय।

सर्वप्रथम सदस्य सचिव एवं संस्थान के निदेशक द्वारा समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुये प्रशासकीय परिषद में नये सदस्यों का निम्नानुसार परिचय दिया गया।

1. श्री अभिषेक सिंघानिया, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, मेसर्स जे0के0 इंटरप्राइजेज, कानपुर प्रशासकीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में (राज्य सरकार द्वारा उपनियमों के 7(1) के अनुसार नामित।

2. श्री कार्तिक कपूर, निदेशक, एम0एस0पी0 लिमिटेड, कानपुर सदस्य के रूप में (राज्य सरकार द्वारा उपनियमों के 7(XIV) के अनुसार नामित)।

3. प्रो0 दिप्तीक परमार, विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग, प्रो0 वाइस चांसलर, एच0बी0टी0यू0, कानपुर सदस्य के रूप में (उपनियमों की धारा 7(XV) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा नामित।

4. प्रो0 प्रभात वर्मा, प्रोफेसर कम्प्यूटर विज्ञान विभाग और इंजीनियरिंग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर सदस्य के रूप में (उपनियमों की धारा 7(XVI) के अनुसार अध्यक्ष द्वारा नामित।

5. प्रो0 आई0पी0 मिश्र, विभागाध्यक्ष/इंजीनियरिंग और सी0एस0ई0, यू0पी0टी0टी0आई0, कानपुर सदस्य के रूप में (उपनियमों की धारा 7(X) के अनुसार वरिष्ठता के आधार पर)।

प्रशासकीय परिषद उक्त से अवगत हुई।

**29.02 संस्थान की प्रशासकीय परिषद की सत्ताईसवीं एवं अट्ठाईसवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की सत्ताईसवीं बैठक दिनांक 27.12.2023 को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई। बैठक के कार्यवृत्त सभी सदस्यों को ई-मेल के माध्यम से भेजे गए, जिस पर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

2-3 फरवरी, 2024 के दौरान ई-मेल के माध्यम से प्रसारित नए पाठ्यक्रम बी.टेक. कम्प्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग की घोषणा पर एक सूत्रीय एजेंडा के साथ अट्ठाईसवीं बैठक संपन्न हुई तथा सभी सदस्यों ने सहमति व्यक्त की (अनुमोदित) तथा कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई।

प्रशासकीय परिषद द्वारा 27वीं एवं 28वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**29.03 उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर की प्रशासकीय परिषद की सत्ताईसवीं एवं अट्ठाईसवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

संस्थान की प्रशासकीय परिषद की 27वीं एवं 28वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही से परिषद अवगत हुई।

**29.04 संस्थान की 22वीं एवं 23वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

संस्थान की वित्त समिति की 22वीं बैठक दिनांक 15.12.2023 एवं 23वीं बैठक 22.04.2024 के कार्यवृत्त प्रशासकीय परिषद के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये गये जिससे परिषद अवगत हुई।

**29.05 मा० न्यायालयों में योजित/विचाराधीन एवं लम्बित वादों से परिषद को अवगत कराना।**

परिषद विभिन्न न्यायालयों में योजित वादों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई।

**29.06 संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यो की अद्यतन स्थिति से प्रशासकीय परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद संस्थान में चल रहे निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुईं।

**29.07 संस्थान में सत्र 2024–25 में प्रवेश तथा सत्र 2023–24 में प्लेसमेन्ट तथा परीक्षाफल की अद्यतन स्थिति से अवगत कराना।**

परिषद संस्थान में सत्र 2024–25 में प्रवेश तथा सत्र 2023–24 में प्लेसमेन्ट तथा परीक्षाफल की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई। भविष्य में प्लेसमेन्ट तथा प्रवेश एवं परीक्षा के डेटा को पाई चार्ट एवं अन्य सुसंगत विधियों से आकर्षक एवं अवलोकन हेतु सुगम रूप में प्रस्तुत किये जाने हेतु परिषद द्वारा निर्देश दिये गये।

**29.08 शासन से प्राप्त अनुदान से उपकरणों और मशीनों की खरीद के लिए अनुमोदन ।**

शासन ने पत्र सं. 33/2024/663801 दिनांक 07 जून, 2024 के माध्यम से संस्थान को संस्थान द्वारा भेजी गई संभाव्यता (पत्र संख्या-329 दिनांक 08/05/2024) (अनुलग्नक) के आधार पर उपकरणों/मशीनरी/उपकरण (अनुलग्नक) की खरीद के लिए 234.00 लाख रुपये का अनुदान दिया है। उक्त के सन्दर्भ में क्रय प्रक्रियाधीन है। प्रशासकीय परिषद से क्रय किये जाने वाले उपकरणों/साज-सज्जा की सूची पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

प्रशासकीय परिषद द्वारा क्रय किये जाने वाले उपकरणों/साज-सज्जा (रू0 234.00 लाख) की सूची पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**29.09 प्रस्तावित कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश क्षमता में कमी लाने तथा एक नया पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव।**

दिनांक 24.09.2024 को आयोजित माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में बैठक के बिंदु संख्या-07 के अनुसार, प्रशासकीय परिषद से अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात, कम प्रदर्शन करने वाले बी.टेक. पाठ्यक्रमों पर निर्णय लेने तथा एक नया बी.टेक पाठ्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया गया। उक्त के सन्दर्भ में माननीय प्रशासकीय परिषद से निम्न बिन्दुओं पर अपना अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

1. शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से बी.टेक टेक्सटाइल केमिस्ट्री और बी.टेक मैनमेड फाइबर टेक्नोलॉजी में प्रवेश को 60 से घटाकर 40 करने के लिए।
2. शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से स्व-वित्तपोषण मोड के तहत 40 प्रवेश के साथ परिधान और फैशन प्रौद्योगिकी में बी.टेक शुरू करने के लिए।

प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**29.10 कैरियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत संस्थान के शिक्षकों की प्रोन्नति हेतु दिनांक 07 दिसम्बर, 2024 को संपन्न चयन समिति की संस्तुति रिपोर्ट के आधार पर प्रोन्नति हेतु अनुमोदन का प्रस्ताव।**

परिषद की अनुमति से दिनांक 07 दिसम्बर, 2024 को सम्पन्न कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के तहत चयन समिति की बैठक की संस्तुतियों के सील बन्द लिफाफों को माननीय परिषद के समक्ष खोला गया तथा संस्तुतियों के क्रम में निम्न शिक्षकों को प्रोफेसर के पद पर निम्न तालिका में वर्णित तिथि से प्रोन्नति प्रदान किये जाने हेतु अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

| क्र. सं. | नाम | वर्तमान पदनाम व वेतनमान | प्रोन्नति पदनाम व वेतनमान | प्रोन्नति की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. जितेन्द्र प्रताप सिंह | एसोसिएट प्रोफेसर (लेवल 13ए1-131400) | प्रोफेसर (लेवल 14-144200) | 21.07.2020 |
| 2. | डॉ. देवेन्द्र प्रसाद | एसोसिएट प्रोफेसर (लेवल 13ए1-131400) | प्रोफेसर (लेवल 14-144200) | 17.11.2021 |
| 3. | डॉ. नीलू कम्बो | एसोसिएट प्रोफेसर (लेवल 13ए1-131400) | प्रोफेसर (लेवल 14-144200) | 14.12.2022 |

**29.11 संस्थान में Academic Management Software क्रय करने के संबंध में प्रस्ताव।**

संस्थान में रू0 20 से 25 लाख के व्यय पर एकेडमिक मैनेजमेन्ट साफ्टवेयर क्रय करने के संबंध में परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। परिषद द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त क्रय से पूर्व समान कार्य हेतु साफ्टवेयर उपयोग कर्ताओं से मिलकर विशिष्टताओं एवं दरों का अवलोकन कर लिया जाय। प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये वित समिति में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

**29.12 संस्थान में XRD मशीन की रिपेयरिंग के प्रस्ताव।**

संस्थान में लगी एक्स0आर0डी0 मशीन की पावर सप्लाई जल गयी है तथा ठीक नहीं हो सकती है। सप्लायर फर्म एलिको मार्केटिंग प्रा0 लि0, जो कि भारत में मशीन निर्माता का अधिकृत प्रतिनिधि है द्वारा नये पावर सप्लाई के लिए लगभग रु॰ 900000.00 का व्यय होने का इस्टीमेट दिया गया है। उक्त मशीन को ठीक कराना संस्थान के एम0टेक0 एवं पी0एच0डी0 छात्रों के लिए आवश्यक है। उक्त की अनुमति हेतु प्रशासकीय परिषद से अनुरोध किया गया।

प्रशासकीय परिषद द्वारा उक्त पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये वित्त समिति में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये।

**29.13 संस्थान में वर्तमान सत्र 2024–25 से प्रारम्भ नये स्ववित्तपोषी कार्यक्रम बी0टेक0 इन कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनिरिंग हेतु लैबों के उपकरणों क्रय सहित साज-सज्जा का प्रस्ताव।**

संस्थान में वर्ष 2024-25 से स्व–वित्तपोषी कार्यक्रम बी0टेक0 इन कम्प्यूटर साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी प्रारम्भ किया गया है। उक्त में प्रथम वर्ष में समस्त सीटों पर प्रवेश भी हुये हैं। छात्रों के आगामी वर्षों के अध्ययन हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने हेतु दो लैबों एवं चार क्लासरूम की उपकरणों सहित साज सज्जा हेतु कुल रू0 160.00 लाख के प्रस्ताव पर प्रशासकीय परिषद द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।

**29.14 संस्थान में वर्तमान सत्र 2024–25 से प्रारम्भ नये स्ववित्तपोषी कार्यक्रम बी0टेक0 इन कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनिरिंग की फीस को संस्थान के अन्य पाठ्क्रमों के अनुसार रखने का प्रस्ताव।**

संस्थान में वर्तमान सत्र 2024-25 से प्रारम्भ नये स्ववित्तपोषी कार्यक्रम बी0टेक0 इन कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग की फीस, संस्थान में पूर्व से संचालित कार्यक्रमों की भांति समान निर्धारित की गयी है। मा0 प्रशासकीय परिषद से उक्त पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

परिषद ने प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**29.15 संस्थान में बाह्य सेवा प्रदाता (आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों की पारिश्रमिक/मानदेय की दरों में बढ़ोत्तरी किये जाने का प्रस्ताव।**

माननीय परिषद द्वारा मानदेय बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव को सभी आउट-सोर्सिंग कर्मियों पर एक समान लागू करने हेतु आवश्यक प्रस्ताव, संबंधित शासनादेशों/एम०एस०एम०ई० के नियमों को संलग्न करते हुये अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

**29.16 संस्थान के समूह "ग" के वर्तमान में अनावश्यक पद "जूनियर इन्स्ट्रक्टर बॉयलर ऑपरेटर" के पद को समाप्त करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने का प्रस्ताव ।**

सम्यक विचारोंपरान्त परिषद ने सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये निर्देश दिया कि समाप्त/समर्पित किये जाने वाले पदों के साथ ही, उनके स्थान पर अपेक्षित समान वेतनमान (वेतन संरचना) वाले नये पदों की मांग का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाय।

**29.17 संस्थान के सहायक कुलसचिव के पद की अर्हता प्रदेश के अन्य तकनीकी शिक्षण संस्थानों के समान करने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने का प्रस्ताव ।**

परिषद द्वारा उक्त पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

**29.18 संस्थान के पुस्तकालय संवर्ग के समूह'ग' के पद असिस्टेण्ट लाइब्रेरियन और पुस्तकालय लिपिक के पद की शैक्षिक अर्हता के संबंध में प्रस्ताव ।**

परिषद द्वारा उक्त पर सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करते हुये शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश प्रदान किये गये।

**29.19 संस्थान में स्व-वित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित बी०टेक० कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के सफल संचालन हेतु संकाय सदस्यों के नियत वेतन की स्वीकृति का प्रस्ताव।**

माननीय परिषद द्वारा सहायक प्रोफेसरों के लिए अनुबन्ध पर रू0 57700.00 प्रतिमाह वेतन के साथ सहायक प्रोफेसर के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

**29.20 अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद की अनुमति से अन्य किसी प्रस्ताव पर विचार।**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नलिखित तीन बिन्दुओं पर विचार किया गया।

1. संस्थान के तकनीकी सम्वर्ग के पद इंस्ट्रक्टर हैण्डलूम, इंस्ट्रक्टर डाइंग एवं मैकेनिकल असिस्टेन्ट के पद को समाप्त करने की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान

करने के प्रस्ताव पर सम्यक विचारोंपरान्त परिषद द्वारा सैद्धान्तिक सहमति प्रदान करने हुये निर्देश दिये गये कि समाप्त/समर्पित किये जाने वाले पदों के साथ उनके सापेक्ष समान वेतन संरचना (वेतनमान) के साथ नये अपेक्षित पदों की मांग का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाय।

2. संस्थान के श्री अखिलेश कुमार, जू०इं० इलैक्ट्रिकल द्वारा राज्य सरकार के अवर अभियंताओं के सदृश्य 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम ए०सी०पी० रू० 4600.00 के स्थान पर रू० 4800.00 प्रदान करने के प्रत्यावेदन पर परिषद द्वारा निर्देश दिये गये कि उक्त प्रत्यावेदन को समस्त संबंधित प्रपत्रों को संलग्न करते हुये शासन के विचारार्थ प्रेषित किया जाय।

3. शासन से प्राप्त रू० 234.00 लाख धनराशि से क्रय किये जाने वाले लैबों के उपकरणों एवं साज-सज्जा के अन्तर्गत लगभग रू० 75.00 लाख के उपकरणों का क्रय सम्भवतः ना हो पाने की दशा में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के क्लासरूम में फर्नीचर एवं उपकरणों/साज-सज्जा हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव के संबंध में परिषद द्वारा सैद्धान्तिक रूप से सहमत होते हुये उक्त प्रस्ताव को रिएप्रोप्रियेशन हेतु शासन में प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

( डा0 जी0 नलनकिल्ली )
निदेशक एवं सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान,
कानपुर।
सदस्य सचिव
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिक संस्थान
कानपुर

( नरेन्द्र भूषण )
आई0ए0एस0, अति0 मुख्य सचिव
प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
प्रशासकीय परिषद,
उपाध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।

(अन्नावि दिनेशकुमार)
प्रतिनिधि-उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद।

उपाध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी, संस्थान, कानपुर

( अभिषेक सिंघानिया )
निदेशक, मेसर्स जे0के0 इंटरप्राईजेज, कानपुर।
अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद,
उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर।

अध्यक्ष
प्रशासकीय परिषद
उत्तर प्रदेश वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान
11/208, सूटरगंज, कानपुर